Tel. & Fax : 01564-220200
Web : www.mgesrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya
Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B)

Date :- 16-02-2023

–:: प्रेस नोट ::–

सरदारशहर। श्रीमती कमलादेवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह गुरूवार को हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के परीक्षा नियन्त्रक प्रो. श्री राजाराम चोयल थे तथा अध्यक्षता मित्तल ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुरेश जी मित्तल ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष श्री बृजमोहन सर्राफ थे।

इस अवसर पर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के परीक्षा नियन्त्रक प्रो. श्री राजाराम चोयल ने नारी शिक्षा की उपयोगिता बताते हुए छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने उद्देश्यों का सही निर्धारण कर पूर्ण निश्चय के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा की भारत का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है। आप अपनी शक्ति का उपयोग सही दिशा में करें। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

इससे पूर्व समारोह का उद्घाटन परीक्षा नियन्त्रक प्रो. श्री राजाराम चोयल, समारोह के अध्यक्ष मित्तल ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुरेश जी मित्तल, श्रीमती सरला मित्तल, श्रीमती सुमन डागा, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष श्री बृजमोहन सर्राफ, श्री मुन्नालाल सेठिया, डॉ0 नौरतनमल सोनी, प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक व जी.डी. मित्तल स्कूल के प्रधानाचार्य श्री रमाकान्त शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने अतिथियों का स्वागत कर महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाशाली एवं सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव एवं मित्तल चेरिटीज, मुम्बई के ट्रस्टी श्री सुरेश जी मित्तल ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत गृह विज्ञान की व्याख्याता श्रीमती अनिता सैन के निर्देशन में छात्राओं ने आर्ट एण्ड क्राफ्ट की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने हाथ से बनी विभिन्न कलाकृतियों का भव्य प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्री सज्जन कुमार मित्तल, श्री छगनलाल सेवदा, श्री राजेन्द्र आंचलिया, श्री शोभाकान्त स्वामी, श्री आनन्द देरासरी, श्री श्यामजी मित्तल, सहित सरदारशहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संचालक एवं प्राचार्य, गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राऐं एवं अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुश्री रीना वर्मा ने किया।

16/02/2
प्राचार्य
डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक

Principal
Smt. Kamla Devi Gauridutt M...
Mahila (PG) Mahavidya...

SMT. KAMLA DEVI GAURIDUTT MITTAL
MAHILA (P.G.) MAHAVIDYALAYA
Certificate

SMT. KAMLA DEVI GAURIDUTT MITTAL

Since-1981
SMT. KAMLA DEVI GAURIDUTT MITTAL
MAHILA (P.G.) MAHAVIDYALA

Since-1981
KAMLA DEVI
MAHILA

Since-1981
SMT. KAMLA DEVI GAURIDUTT MITTAL
MAHILA (P.G.) MAHAVIDYALAYA
Certificate